>

Title: Problems being faced by sugarcane growers in Uttar Pradesh and other parts of the Country.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि पूरे हिंदुस्तान में जो गन्ने के काश्तकार हैं, उनकी बहुत बुरी स्थिति हो चुकी है। यहां तक समाचार आ रहे हैं कि जो गन्ने के काश्तकार हैं, वे धनाभाव के कारण, अपमानित होने के कारण और कर्ज के कारण आत्महत्यायें कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति आज हमारे सामने है कि जो लोग खेती कर रहे हैं, वे आत्महत्यायें कर रहे हैं और जो सट्टे का खेल खेल रहे हैं या शेयर बाजार में खेल खेल रहे हैं, वे अरबपति-खरबपति हो रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत ही गंभीर सवाल है। अब भारत सरकार के सामने यह सवाल आ गया है कि तत्काल पालिसी के माध्यम से हस्तक्षेप करे और गन्ने के जो काश्तकार हैं, उनके जीवन की रक्षा करने के लिए, चीनी और गन्ने उत्पादन की जो पालिसी है, उसे चेंज करायें।